महत्वपूर्ण एवं खास

दो ट्रको के बीच टक्कर, एक ड्राइवर की मौत, दूसरा गंभीर

धमतरी (आरएनएस)। धमतरी जिले में आज नेशनल हाईवे रोड पर दो ट्रकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे एक ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे रोड पर गागरा पुल के पास दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में ट्रकों को भी भारी क्षति पहुंची है। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। इधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची अर्जुनी और कुरूद थाना पुलिस ने सबसे पहले घायल ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया, वहीं घटना से सड़क पर लगा जाम को हटाते हुए आवागमन व्यवस्थित कराया।

ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम मार्ग पर पर्यटन विभाग के मोटल के पास सड़क हादसे में 13 वर्ष की बच्ची की मौत हो गई है। स्कूटी सवार पिता-पुत्री को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार टेकनार के शंकर नेताम अपनी पुत्रि मुलेश्वरी के साथ गीदम साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे थे। इस बीच मोटल के पास ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी, इस हादसे में बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक में बैठे 21 वर्ष के युवक को पकड़ा है। गीदम थाना प्रभारी जय सिंह खूटे ने बताया कि पकड़े गये युवक से पूछताछ की जा रही है। युवक का कहना है कि वह चालक नही है, ट्रक में सो रहा था।

बीईओ के खिलाफबालात्कार का शिकायत

मुंगेली (आरएनएस)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने शादी का झांसा देकर युवती को अपनी हवस का शिकार बना डाला। जानकारी के मुताबिक युवती 6 माह की गर्भवती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले के आरोपी बीईओ पवित्र सिंह बेदी उम्र 55 वर्ष पहले से ही शादीशुदा है, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी की पत्नी द्वारा पीड़ित युवती से मारपीट भी की गई है, जिससे गर्भ में चोटें भी आई हैं। 23 वर्षीय पीड़िता ने अपने शिकायत में बताया कि आरोपी पवित्र सिंह बेदी द्वारा लगातार शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया जा रहा हैं, आरोपी पीड़िता को अक्सर कहता था कि वह उसे शादी कर अपने पास रखेगा, जिसके बाद आरोपी द्वारा लगातार बलात्कार किया जा रहा था, और शादी के नाम पर पीड़िता को धोखा दे रहा था। जिसके बाद आज पीड़िता ने जरहागांव थाने में लिखित शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की हैं। पीड़ित युवती ने मामले की थाने में शिकायत की है,जरहागांव थाना पुलिस जांच में जुट गई है, आरोपी पी. एस. बेदी वर्तमान में बिल्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी है। जानकारी मिली हैं कि आरोपी को जरहागांव थाने में बुलाया गया था। वहीं पीड़ित युवती ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल भी उठाया हैं। खबर मिल रही हैं कि मामलें को सुलझाने और समझौता करने कई लोग सक्रिय हो गए हैं ? आखिरकार थाने में मान मनौव्वल के बाद युवती एवं उनके परिजनों में फिलहाल एफआईआर तो नही कराया है..क्योंकि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने युवती से शादी करने का लिखित कथन थाने में दिया है ।बीईओ ने लिखित कथन में यह भी कहा कि 2 सितंबर तक वह युवती से शादी नहीं करता है तब उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री का किसानों के हित में बड़ा ऐलान

» सूखा प्रभावित किसानों को भी सरकार देगी प्रति एकड़ 9000 रूपए की मदद

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अभी राज्य के कई क्षेत्रों में अल्पवृष्टि और अनावृष्टि के चलते सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। छत्तीसगढ़ की सरकार विपदा की हर घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है। जिन किसान भाईयों ने अभी खरीफ सीजन में धान, कोदो-कुटकी, अरहर की बुवाई की है, यदि वर्षा के अभाव में उनकी फसल खराब हो जाती है। चाहे उत्पादन हो अथवा न हो, उन्हें सरकार प्रति एकड़ 9000 रुपये की सहायता देगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत सूखा प्रभावित किसानों को भी गिरदावरी सर्वे के आधार पर प्रति एकड़ 9000 रुपये के मान से मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पंडवानी कलाकार स्वर्गीय पुनाराम निषाद और नाचा-गम्मत कलाकर स्वर्गीय मदन कुमार निषाद के जीवनी को प्रकाशित किए जाने की घोषणा की और इस संबंध में पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी को पुरखों के योगदान की जानकारी प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों की भावनाओं, परंपराओं, तीज-त्यौहारों एवं मान्यताओं का सम्मान और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि अब भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की मदद देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र लोगों को 1 सितंबर से पंजीयन कराने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बिलासपुर एयरपोर्ट का नामकरण मछुआ समाज की आराध्य श्रीमती बिलासा देवी के नाम पर किया गया है। मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे मत्स्य कृषकों और मछुआरों को किसानों के समान शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा मिलने लगी है। किसानों के समान रियायती दर पर मत्स्य कृषकों को बिजली एवं मछली पालन के लिए तालाबों एवं जलाशयों को निशुल्क पानी मिलेगा।

संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद ने मछली पालन को कृषि का दर्जा देने तथा बिलासपुर एयरपोर्ट का नाम बिलासा देवी के नाम पर किए जाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का समाज की ओर से आभार जताया।

कोल इंडिया के 1700 से अधिक अफसर पदोन्नत

कोरबा (आरएनएस)। कोल इंडिया व इसके सहायक कंपनियों में विभिन्न संवर्ग में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत 1703 अधिकारियों को चीफ मैनेजर पद पर पदोन्नति दी गई है। इसमें बड़ी संख्या में एसईसीएल के अधिकारी भी शामिल हैं। कोल इंडिया की जीएम पी तृप्ति पराग शॉ ने पदोन्नति से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। प्रमोशन पाने वालों में सबसे अधिक 231 माइनिंग विभाग के अधिकारियों को दी गई है। सभी को सीनियर मैनेजर, फ़र्स्ट क्लास से चीफ मैनेजर फ़र्स्ट क्लास बनाया गया है। प्रबंधन ने कुछ दिनों पहले ही ई.5 ग्रेड से ग्रेड 6 में डेढ़ सौ अधिकारियों को पदोन्नत किया था। इसके बाद यह प्रमोशन की दूसरी सूची जारी की गई है। इधर प्रमोशन मिलने से अधिकारियो में खुशी तो है ही, एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला भी चल रह है। कार्यविभाजन और जिम्मेदारियों की भी बात की जा रही है।

वनमंडल कटघोरा के गांवों में घुम रहे हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कटघोरा के फुलसर, रोदे, कोदवारी एवं डंगोरा गांव में बड़ी संख्या में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के क्षेत्र में मौजूदगी से ग्रामीण काफी हलाकान हैं। इन हाथियों द्वारा लगातार ग्रामीणों के फसल रौंदे जा रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा पीड़ित ग्रामीणों को नुकसानी की क्षतिपूर्ति राशि दी जा रही है लेकिन यह इतनी कम है कि जितनी लागत ग्रामीण फसलों को तैयार करने में लगाते हैं उसके एक हिस्से के बराबर भी नहीं होता। मेहनत जो करते हैं वह अलग से व्यर्थ चला जाता है।

ग्रामीणों द्वारा वन्य प्राणी के उत्पात में नुकसानी पर दी जाने वाली मुआवजा बढ़ाने की मांग की जा रही है लेकिन शासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालांकि वन्य प्राणियों के हमले में जन हानि पर दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 6 लाख रुपए कर दिया गया है। बीती रात हाथियों के दल ने उपरोक्त गांव में पहुंचकर कई किसानों की फसल को रौंद दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की।

अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूएनसीसीडी से वनमंत्री हुए सम्मानित

» छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के संरक्षण व संवर्धन के कार्यों की सराहना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड नेशन कन्वेंशन टू कंबैट डिजरटी फिकेशन संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीय करण रोकथाम कन्वेंशन (यूएनसीसीडी) द्वारा की गई है। उक्त संस्था यूएनसीसीडी द्वारा इसके तहत वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर और छत्तीसगढ़ राज्य के पारंपरिक वैद्य संघ के प्रांतीय सचिव निर्मल अवस्थी को सम्मानित किया गया है। यूएनसीसीडी की टीम ने वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के विषय में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान और छत्तीसगढ़ राज्य के पारंपरिक वैद्य संघ के प्रांतीय सचिव अवस्थी को होम हर्बल गार्डन योजना के तहत औषधीय पौधों का ज्ञान तथा पारंपरिक ज्ञान आधारित चिकित्सा पद्धति के पुनरुत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। यूएनसीसीडी सचिवालय के मिस्टर रजेब बुलहारौत ने इसकी सरहाना करते हुए उन्हें सर्टिफिकेट जारी कर सम्मानित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के 4800 पारंपरिक वैद्यों ने इस का स्वागत किया है और सभी में हर्ष व्याप्त है। परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अवधेश कश्यप ने बताया कि प्रतिवर्ष औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर छत्तीसगढ़ राज्य की लोक स्वास्थ्य परंपरा, संवर्धन अभियान एवं घर अंगना जड़ी-बूटी बगिया योजना के तहत जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश के पारंपरिक वैद्यों के द्वारा मौसमी बीमारियों के अलावा असाध्य रोगों में जीवनीदायिनी वनौषधियों जिसमें ब्राम्ही अश्वगंधा, सतावर, तुलसी, कालमेघ, गिलोय, अडूसा, चिरायता, पत्थर चूर, मंडूपपर्णी, भुईआवला, भृंगराज, हडजोड आदि बहुउपयोगी वनौषधियों का वितरण किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में यात्री किराया में 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की मांग पर 25 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की दी गई सहमति

» मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ तथा बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफछत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रविवार को उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ तथा बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और वर्तमान में डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के मद्देनजर यात्री किराए में 40 प्रतिशत वृद्धि की मांग की। मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा उपरान्त इसमें 25 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की सहमति दी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, आयुक्त परिवहन टोपेश्वर वर्मा, अपर परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा, संयुक्त परिवहन आयुक्त देवव्रत सिरमौर उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा 16 जुलाई 2018 से 'प्रक्रम यात्री वाहनों' (नगर वाहनों को छोड़कर) के यात्री किराए की दर में वृद्धि की गई थी। उस समय वर्ष 2018 में डीजल का मूल्य प्रति लीटर 69.20 रूपए था। तत्पश्चात् 1 मई 2021 की स्थिति में डीजल का मूल्य 89.10 रूपये प्रति लीटर हो गया है। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा इसे ध्यान में रखते हुए उनकी मांग पर विचार उपरान्त राज्य में यात्री किराया में 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के लिए सहमति दी।

मुख्यमंत्री बघेल से मुलाकात के दौरान संरक्षक छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ तथा सभापति नगरपालिक निगम रायपुर प्रमोद दुबे सहित बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने यात्री किराया में बढ़ोत्तरी की मांग करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि और अन्य उपकरणों की कीमत में वृद्धि के कारण राज्य में बस संचालकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतएव यात्री किराया में बढ़ोत्तरी किया जाना न्यायसंगत होगा ताकि राज्य में आम जनता की सुविधा के लिए सभी बसों का सुव्यवस्थित रूप से संचालन हो सके। राज्य में यात्री किराया में बढ़ोत्तरी किए जाने की सहमति पर प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री बघेल का आभार जताया गया।

घरों में जल मिलने से महिलाओं के चेहरे पर झलकी खुशी

रायपुर (आरएनएस) जल जीवन मिशन योजना के तहत अब दूरदराज के गांवों में लोगों को पीने के लिये साफ पानी उनके घर तक नल कनेक्शन देकर पहुंचाया जा रहा है। योजना के तहत जिले के प्रत्येक गांव के हर एक घर में नल कनेक्शन दिया जायेगा। योजना के तहत बिलासपुर जिले के विकासखंड तखतपुर की ग्राम पंचायत लाखासार के गड़रियापारा में सोलर पंप के माध्यम से घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गड़रियापारा में 23.26 लाख की लागत से 244 जनसंख्या वाले इस गांव के 30 में से 13 घरों में नल लग चुके हैं शेष कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के लाखासार ग्राम पंचायत के गड़रियापारा में सोलर पम्प के जरिये घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लाखासार में 1 करोड़ 6 लाख 99 हजार रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग योजना शुरु की गई है जिसके तहत 80 किलोलीटर व 75 किलोलीटर क्षमता के दो ओवरहेड टैंक बनाये गये हैं।

पुलिस ने दबिश देकर 8 जुआरियों को किया गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा जिले में अवैध सट्टा-जुआ के विरुद्ध सख्ती से करवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुरूप जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 8 जुआडियो एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए नगर निरीक्षक विवेक शर्मा ने बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मोती सागर पारा में नदी किनारे कुछ जुआडियान हार जीत का दाँव लगाकर पैसे से जुआ खेल रहे हैं । लिहाजा सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके पर जाकर रेड कर घेराबंदी कर 8 जुवाडियो एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ लिया गया। इनके कब्जे से कुल 11,020 रुपए नकद एवं ताश पत्ती जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में चांद मोहम्मद, विशाल बतरा, संतोष सारथी, विजय सोनी पिता मुकुंद लाल सोनी, मोहम्मद रहीम, सीता बिस्मिल्लाह मिया मुसलमान, शब्बीर, शिव कुमार यादव पिता गंगाराम यादव, संदीप गुप्ता पिता अमृत लाल गुप्ता, उम्र 30 वर्ष सामील है। उपरोक्त कार्यवाही में नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक गणेश राम महिलांगे, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, आरक्षक लक्ष्मीकांत खरसन, ऋषि पटेल, चंद्रकांत गुप्ता, विपिन बिहारी नायक, विक्रम नारंग एवं नूतन डहरिया की सक्रिय भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, पीड़ितका, पिछड़ावों के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक में शामिल हुए मंत्री टीएस सिंहदेव

» सिंहदेव ने की विभागीय कार्यों की प्रगति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। आज पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव ने सिविल लाइन्स स्थित निवास स्थान पर आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों पर आधारित प्रेजेंटेशन देखकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। पंचायत मंत्री सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिलेवार समीक्षा बैठक की, इस बैठक में उन्होंने स्व सहायता समूहों के निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति का अवलोकन किया। जिसमें बलौदा बाजार 52 प्रतिशत, दुर्ग 59 प्रतिशत और बेमेतरा 70 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर रहे व राज्य का औसत 36 प्रतिशत रहा है व विलेज आर्गेनाइजेशन मैपिंग में राज्य का औसत 96 प्रतिशत रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बी सी सखी के माध्यम से लेन-देन में राज्य का औसत 5 प्रतिशत और धमतरी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 29 प्रतिशत हुआ है, पंचायत मंत्री सिंहदेव ने इस दिशा में विभाग को आवश्यक ध्यान देने के दिशा-निर्देश प्रदान किये हैं। बैठक में कमजोर वर्गो के समावेशन में कोरिया 77 प्रतिशत और सूरजपुर 96 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रहे हैं एवं राज्य का औसत 39 प्रतिशत रहा है।

पंचायत मंत्री सिंहदेव ने इस बैठक में उत्थान परियोजना, मिलाप परियोजना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूह के सदस्यों के कोरोना टीकाकरण पहली डोज (कुल सदस्य 21,33,889, प्राप्त लक्ष्य 65 प्रतिशत) और दूसरी डोज (कुल सदस्य 21,33,889, प्राप्त लक्ष्य 31 प्रतिशत), जिलेवार उपलब्ध निधि (एनआरएलएम और एनआरईटीपी), वीओ स्टार्ट अप कॉस्ट (राज्य औसत 54 प्रतिशत), ऋण आवेदन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (राज्य औसत 50 प्रतिशत), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (राज्य औसत 38 प्रतिशत), प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (राज्य औसत 67 प्रतिशत) समेत अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की एवं जिलेवार उपलब्धियों का अवलोकन कर राज्य की वार्षिक औसत उपलब्धि पर आगे कार्य करने की दिशा में निर्देशित किया। इसके साथ ही पँचायत मंत्री सिंहदेव ने जिले के स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों में जिला स्तरीय समन्वय समिति, क्योस्क बीसी सखी, व्यक्तिगत आजीविका गतिविधियों, संवहनीय कृषि अंतर्गत लक्ष्य अनुसार महिला किसान (राज्य औसत 76 प्रतिशत) व किचन गार्डन (राज्य औसत 68 प्रतिशत) समेत अन्य विषयों की भी उपलब्धियों पर चर्चा की।